एक नजर में

एमएलबी विद्यालय में हुई कैरियर काउंसिलिंग

गुना। गुरुपूर्णिमा उत्सव पखवाड़े के तहत 22 जुलाई को शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्य मृदुला सक्सेना के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके भविष्य और करियर के अवसरों के प्रति जागरूक करना था।

सत्र के दौरान प्राचार्य ने छात्राओं को रोजगार, व्यावसायिक क्षेत्रों और गृहविज्ञान विषय में उपलब्ध विभिन्न अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं, विद्यालय के शिक्षक नरेन्द्र शर्मा ने उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा स्वरोजगार से जुड़े विकल्पों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को अपनी रुचि, क्षमता और विषय चयन के अनुसार सही करियर चुनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, सुनियोजित तैयारी, निरंतर परिश्रम और सही मार्गदर्शन के माध्यम से सफलता हासिल करने के गुर सिखाए गए। काउंसिलिंग सत्र छात्राओं के लिए प्रेरणादायी और उपयोगी सिद्ध हुई।

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में चोरी करने वाला गिरोह बेनकाब

अंतरराज्यीय अपराधियों ने दिया वारदात को अंजाम, 10 महिलाओं सहित 11 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

गुना 23 जुलाई का। शहर में निकाली गई प्रसिद्ध भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ का फायदा उठाकर चोरी करने वाले शातिर अपराधियों पर गुना पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने आधुनिक तकनीक और गहन सीसीटीवी विश्लेषण की मदद से आगरा (उत्तर प्रदेश) के दो अंतर्राज्यीय गिरोहों का पदार्फाश करते हुए 10 महिलाओं और 1 पुरुष सहित कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी किए गए दो सोने के मंगलसूत्र तथा वारदात में इस्तेमाल की गई दो लग्जरी कारें, जिनकी कुल कीमत लगभग 20 लाख रुपये है, बरामद कर ली गई हैं।

उल्लेखनीय है कि 19 जुलाई 2026 को गुना शहर में विशाल भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई थी। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए थे। इसी भीड़भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात अपराधियों ने फरियादिया रामकुंवर ओझा (66 वर्ष, निवासी बीजी रोड) और कल्पना दुबे (48 वर्ष, निवासी भगत सिंह कॉलोनी) के गले से सोने के मंगलसूत्र पार कर दिए थे। पीड़ितों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 401/26 एवं 402/26 के तहत बीएनएस की धारा 303(2) के अंतर्गत मामले दर्ज कर जांच शुरू की थी। धार्मिक आयोजन में हुई इस गंभीर वारदात को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने त्वरित कार्रवाई और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं प्रभारी सीएसपी आनंद राय के पर्यवेक्षण में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा और उनकी टीम ने जांच की कमान संभाली। पुलिस टीमों ने घटनास्थल के आसपास के दर्जनों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। सतत निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आगरा से आए दो अलग-अलग गिरोहों की पहचान की।

तकनीक आधारित पुलिसिंग का उत्कृष्ट उदाहरण

गुना पुलिस की इस त्वरित सफलता में कोतवाली थाना, कैंट थाना, सायबर सेल (प्रभारी उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह चौहान व टीम) और सीसीटीवी कंट्रोल रूम (प्रभारी निरीक्षक विकास उपाध्याय व टीम) की संयुक्त और सुनियोजित भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि धार्मिक आयोजनों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर अपराध करने वाले संगठित और बाहरी अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोरतम कानूनी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

दो मामलों में कार्रवाई, 11 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे। पहला मामला अपराध क्रमांक 401/26 था। इसमें पुलिस ने प्रतिबाद शाहपुरा आगरा निवासी संगीता उर्फ सुमन (40 वर्ष), चिंता बाई (70 वर्ष), बादेला जगदीशपुरा निवासी अनोखी (35 वर्ष), तथा शाहगंज आगरा निवासी प्रिया (25 वर्ष) व हिना (35 वर्ष) को गिरफ्तार किया। इनके पास से लगभग 2 लाख रुपये का सोने का मंगलसूत्र और वारदात में प्रयुक्त अर्टिगा कार (वढ14 ऊउ 6661, कीमत लगभग 10 लाख रुपये) जब्त की गई। प्रकरण में कुल 12 लाख रुपये का मशरूका बरामद हुआ। दूसरा मामला अपराध क्रमांक 402/26 से संबंधित था। दूसरे गिरोह के सदस्य प्रकाश माहोर (28 वर्ष, शाहगंज आगरा), करिश्मा (27 वर्ष), नाजीमा (27 वर्ष), आरती उर्फ मीरा (60 वर्ष), सपना (35 वर्ष) और वर्षा उर्फ कमलेश (45 वर्ष, सभी निवासी आगरा) को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से 1.50 लाख का मंगलसूत्र,बलेनो कार सहित कुल 8 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया गया।

02 आदतन अपराधी एक-एक वर्ष के लिए जिलाबदर

गुना। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल ने जिले के दो आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धाराओं के तहत 01-01 वर्ष के लिए जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। आदेश के अनुसार, आदतन अपराधी दीपेंद्र रघुवंशी (22 वर्ष, निवासी मंडी के पास नानाखेड़ी, थाना कैंट) और रोनू उर्फ रानू कुशवाह (30 वर्ष, निवासी पिपरोदा खुर्द, थाना कैंट) को एक वर्ष की अवधि के लिए गुना जिले तथा इसके सीमावर्ती जिलों शिवपुरी, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा और भोपाल की सीमाओं से निष्कासित कर दिया गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य जिले में शांति, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

टमटम गाड़ी चोरी का महज 12 घंटे में खुलासा

गुना। कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में तत्परता दिखाते हुए महज 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई टमटम गाड़ी बरामद करने में सफलता हासिल की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 जुलाई 2026 की रात्रि में हड्डीमील निवासी राजेंद्र कोरी ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई कि हड्डीमील स्थित पानी की टंकी के पास खड़ी उसकी टमटम गाड़ी चोरी हो गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं प्रभारी सीएसपी आनंद राय के पर्यवेक्षण में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा और उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की मदद से 12 घंटे के भीतर आरोपी जोन पारदी (उम्र 21 वर्ष, निवासी हड्डीमील जगनपुर चक) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई लगभग 2.50 लाख रुपये कीमत की टमटम गाड़ी बरामद कर ली गई है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित को समय पर न्याय मिला, जो गुना पुलिस की सतर्कता और अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा, प्रधान आरक्षक दिग्लेश धाकड़, रामकुमार रघुवंशी, आरक्षक रतन सिंह और कपिल व्यास की सराहनीय भूमिका रही।

मेंटेनेंस के चलते आज कई इलाकों में कटौती

गुना। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (गुना शहर) द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, 24 जुलाई 2026 को शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। सहायक प्रबंधक ने बताया कि 33/11 केवी हड्डीमील सबस्टेशन से निकलने वाले 11 केवी भुल्लनपुरा फीडर पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत रखरखाव व अन्य कार्य किया जाना है। इस कारण 24 जुलाई को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में विद्युत कटौती रहेगी। इस दौरान विद्यार्थी नगर, विंध्याचल कॉलोनी, राज कॉलोनी, बीजी रोड, आदर्श नगर, रामकृष्ण कॉलोनी, कृष्णानी कॉलोनी, साई सिटी कॉलोनी एवं भुल्लनपुरा क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कार्य की आवश्यकता के अनुसार बिजली कटौती की समयावधि घटाई या बढ़ाई हो।

नीट पेपर लीक और छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

गुना। नीट पेपर लीक मामले और इसके विरोध में दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। जिला अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के मार्गदर्शन में शहर के हनुमान चौराहे पर कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों ने एकत्रित होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा कैंडल मार्च निकालकर विरोध जताया। कैंडल मार्च के दौरान मोमबत्तियां जलाकर उन सभी पीड़ित विद्यार्थियों को श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने नीट पेपर लीक की धांधली से आहत होकर आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाया था। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के युवाओं और विद्यार्थियों के

समर्थन में आगे आए, तो उनके साथ भी केंद्र सरकार के इशारे पर अभद्रता और हिंसा की गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए चेतावनी दी कि यदि सरकार का युवाओं और छात्रों के प्रति यही उपेक्षापूर्ण व दमनकारी रवैया रहा, तो देश का युवा उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। हनुमान चौराहे पर एकत्रित भारी हुजूम को संबोधित करते हुए कांग्रेस ने दो टूक शब्दों में कहा कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए अपने पद से इस्तीफा नहीं देते, तब तक कांग्रेस का यह आंदोलन शांत नहीं होगा। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि वे देश के करोड़ों छात्रों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और देश की साख खो चुकी शिक्षा व्यवस्था में पुन: विश्वास बहाल करने के लिए एक ठोस रोडमैप प्रस्तुत करें। साथ ही, शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे बेकसूर विद्यार्थियों पर बल प्रयोग और लाठीचार्ज का आदेश देने वाले प्रशासनिक अधिकारियों पर तत्काल कड़ा संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान केवल नीट ही नहीं, बल्कि प्रदेश के अन्य महत्वपूर्ण छात्र-हितैषी मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया। कांग्रेस नेताओं ने मध्य प्रदेश के नर्सिंग छात्रों की वर्षों से अटकी व लंबित परीक्षाओं का समयबद्ध कार्यक्रम तत्काल घोषित करने की मांग की। इसके साथ ही देश व प्रदेश के छात्र-छात्राओं की रुकी हुई छात्रवृत्ति तथा अन्य सभी वित्तीय सहायताओं का अविलंब भुगतान करने का मुद्दा भी जोरदार ढंग से रखा गया। प्रदर्शन में शामिल बड़ी संख्या में युवाओं और छात्रों ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

अवैध एम-सेंड के भंडारण एवं परिवहन पर खनिज विभाग की गाज

आकस्मिक निरीक्षण कर खनिज विभाग ने दो ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जब्त, कलेक्ट्रेट परिसर में कराए खड़े

गुना। जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शों के पालन में खनिज विभाग की टीम ने गुना शहर के नानाखेड़ी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से एम-सेंड का भंडारण और परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खनिज विभाग की टीम ने नानाखेड़ी क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली एम-सेंड का अवैध भंडारण और परिवहन करते पाए गए। खनिज अमले ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को जब्त कर लिया और सुरक्षा के लिहाज से कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा करवा दिया है। इस पूरे मामले में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियमों के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय चक्रवर्ती सहित खनिज विभाग का अन्य अमला मौजूद रहा। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रेत व एम-सेंड का कारोबार करने वालों में हड़कंप व्याप्त है।

एसपी ने किया बजरंगगढ़ पुलिस थाने का औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

गुना। जिले में पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने 22-23 जुलाई की मध्यरात्रि में बजरंगगढ़ थाने का औचक निरीक्षण किया। रात्रिकालीन निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया और पुलिस कार्यप्रणाली का बारीकी से परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना अभिलेखों के संधारण, परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की जांच की। साथ ही लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि थाने आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ संवेदनशील व मानवीय व्यवहार किया जाए और जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जाए। पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण, रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने, सक्रिय अपराधियों पर सतत निगरानी रखने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले के सभी थानों का इसी प्रकार औचक निरीक्षण निरंतर जारी रहेगा, ताकि पुलिस सेवाओं को अधिक पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाया जा सके।

ई-रिक्शा चालक को फोर व्हीलर ने मारी टक्कर, विरोध करने पर अभद्रता

नवभारत न्यूज

गुना। शहर के रेलवे स्टेशन क्षेत्र से देर रात करीब 1 बजे एक ई-रिक्शा चालक के साथ टक्कर और अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़ित ई-रिक्शा चालक सुनील साहू देर रात अयोध्या एक्सप्रेस ट्रेन की सवारी लेकर गुलाबगंज की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक फोर व्हीलर वाहन ने उसके ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद जब चालक ने दुर्घटना का विरोध किया, तो फोर व्हीलर चालक ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि मनबढ़ युवकों ने ई-रिक्शा चालक के साथ अभद्रता की और उसे जयस्तंभ चौराहे तक ले गए, जहां दोबारा फोर व्हीलर से उसके रिक्शा में टक्कर मार दी गई। पीड़ित चालक का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट भी की और उसे जबरन अपने साथ ले जाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन वह किसी तरह अपना ई-रिक्शा छोड़कर जान बचाकर भागा। घटना के तुरंत बाद पीड़ित शिकायत दर्ज कराने कोतवाली थाना पहुंचा, लेकिन उसका आरोप है कि पुलिस ने अज्ञात वाहन का हवाला देते हुए रात में उसकी सुनवाई नहीं की। पीड़ित ने मामले में उचित कानूनी कार्रवाई और न्याय की गुहार लगाई है।

तंबाकू खाया है, थूका नहीं ... बहस काम न आई, कानून चला

जिला अस्पताल में कोटपा की धारा-4 के तहत सख्त कार्रवाई, 8 लोगों पर लगा जुर्माना

गुना। साहब! तंबाकू सिर्फ खाया है, थूका तो नहीं है... जिला अस्पताल परिसर में जब प्रशासनिक टीम ने चेकिंग शुरू की, तो कुछ लोग ऐसे ही अजीब तर्क देकर बचने की कोशिश करते नजर आए। हालांकि, टीम ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया कि अस्पताल जैसे संवेदनशील और सार्वजनिक स्थल पर तंबाकू का सेवन पूरी तरह से कानून और जनस्वास्थ्य के खिलाफ है।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी और कार्यक्रम की नोडल अधिकारी विनीता सोनी ने परिसर का औचक जायजा लिया। इस दौरान सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू और बीड़ी का सेवन करते पाए गए 8 लोगों पर 'सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम' (कोटपा), 2003 की धारा-4 के तहत जुर्माने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कई मरीजों और स्वजनों ने इस तंबाकू मुक्त अभियान की सराहना की, वहीं नियम तोड़ने वालों को सख्त समझाइश दी गई कि अस्पताल इलाज की जगह है, इसे नशा करने का अड्डा न बनाएं। डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी ने साफ किया कि अस्पताल में तंबाकू सेवन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं नोडल अधिकारी विनीता सोनी ने लोगों से स्वयं तंबाकू छोड़ने और दूसरों को जागरूक करने की अपील की। इस पूरी कार्रवाई में जयवीर सिंह रघुवंशी, शैलेंद्र सिंह, आदिल खान, सादिक खान और मोनू जाटव का विशेष योगदान रहा।

जिले में अब तक 386 .1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

गुना। जिले में 1 जून से 23 जुलाई 2026 की सुबह 8:00 बजे तक कुल 386.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो कि सामान्य औसत वर्षा (1053.5 मिमी) का 36.7 प्रतिशत है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 621.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार, 1 जून से अब तक वर्षामापी केंद्रों में कुम्भराज में सर्वाधिक 652.0 मिमी, मक्सूदनगढ़ में 647.2 मिमी और चांचौड़ा में 504.0 मिमी बारिश दर्ज हुई है। वहीं राघौगढ़ में 295.0 मिमी, आरोन में 248.0 मिमी, बमौरी में 191.2 मिमी और गुना केंद्र पर 168.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 19.1 मिमी बारिश दर्ज हुई, जिसमें कुंभराज में सबसे अधिक 50.0 मिमी है।

समीक्षा | जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में योजनाओं पर भी चर्चा

कलेक्टर बोले, स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी लाए महकमा

नवभारत न्यूज

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, आयुष्मान भारत योजना, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीबी उन्मूलन, नियमित टीकाकरण, आभा आईडी निर्माण और स्वास्थ्य अधोसंरचना निर्माण कार्यों की बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत विशेष शिविर आयोजित कर शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों की आभा आईडी बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का सुलभ लाभ मिल सके।

जिले की लगभग 16.23 लाख जनसंख्या के लिए संचालित जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, 6 सामुदायिक और 19 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित 158 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में पर्याप्त दवाइयों व उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। हाई रिस्क गर्भवतियों की सतत ट्रैकिंग करने, एनीमिया पीड़ित महिलाओं के समय पर इलाज और शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव पर जोर दिया गया। बैठक में जिले को टीबी मुक्त बनाने हेतु स्क्रीनिंग बढ़ाने तथा वर्षा ऋतु को देखते हुए डेंगू व मलेरिया नियंत्रण के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित सर्वे और लार्वा विनष्टीकरण के निर्देश दिए।

आयुष्मान भारत: कोई पात्र हितग्राही न छूटे

जिले में लक्ष्य से अधिक (8.27 लाख से ज्यादा) आयुष्मान कार्ड बनने पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष पात्रों को जोड़ने तथा 150 बिस्तरीय एमसीएच भवन व नए स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में महिला एवं बाल विकास अधिकारी दिनेश चंदेल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.आर. माथुर, बीएमओ एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

भूराचक में मीना-लोधा समाज के बीच मारपीट का मामला

गुना। बमोरी थाना क्षेत्र के मसूरिया-पचौर रोड पर 19 जुलाई को हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला बीते दिनों गुना जिले में चर्चाओं में रहा था जब घायल युवक के परिजनों और समाजजनों शहर के हनुमान चौराहे पर चक्काजाम कर दिया था। अब घायल युवक की मौत के बाद घटनाक्रम और संगीन होता नजर आ रहा है। जानकारी के मुताबिक लोधा समाज का आरोप था कि 23 जुलाई को ग्राम भुराचक निवासी मिश्रीलाल और उनका पुत्र नवाब मजदूरी करके घर लौट रहे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर श्याम मीना, लक्ष्मी नारायण, विट्ठल, मुरली, घनश्याम लोधा और सविता बाई सहित 6 लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गंभीर हालत को देखते हुए नवाब को भोपाल रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों ने न्याय की मांग को लेकर जनसुनवाई में भी गुहार लगाई थी। नवाब की मौत के बाद उसके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव भूराचक लाया जा रहा है। मामले में बमोरी थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया ने बताया कि पुलिस ने पूर्व में ही 6 आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया था।